Title: Need to provide more railway facilities at Panki railway station, Kanpur (UP)-Laid.

श्री श्याम बिहारी मिश्र (बिल्हौर): कानपुर में पनकी रेलवे स्टेशन एक ऐसा स्टेशन है, जिसे कानपुर महानगर का उपस्टेशन बनाने की घोाणा की जानी चाहिए। पनकी स्टेशन के एक ओर विशाल पनकी औद्योगिक क्षेत्र जिसमें एल0एम0एल0 लोहिया स्कूटर्स एवं चांद छाप यूरिया जैसे कारखाने हैं। दूसरी ओर इण्डियन ऑयल का स्टोर एवं विक्रय डिपो है। पनकी पॉवर हाउस और पनकी कल्याणपुर व अर्मापुर रक्षा मंत्रालय की पांच लाख की आबादी वाला रिहायशी इलाका है।

माननीय रेल मंत्री से विशो आग्रह है कि पनकी रेलवे स्टेशन में कम्प्यूटर रेलवे आरक्षण खोला जाए तथा कानपुर स्टेशन से लखनऊ जाने वाली ई.एम.यू. ट्रेन पनकी से चलायी जाए क्योंकि पनकी कल्याणपुर आदि से सेन्ट्रल स्टेशन लगभग 10 कि0मी0 पड़ता है और दैनिक यात्रियों को लखनऊ जाने के लिए सेंट्रल स्टेशन जाना पड़ता है। इसके बीच में छोटी लाइन के कई रेलवे स्टेशन क्रासिंग पड़ते हैं। इन गाड़ियों को पनकी से चलाने में विभाग के ऊपर कई आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा तथा अधिक राजस्व की प्राप्ति भी होगी।

माननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि अनवरगंज से फरूखाबाद जाने वाली छोटी लाइन पर चौबेपुर और शिवराजपुर स्टेशन के मध्य देदुपुर में एक हाट स्टेशन बनाया जाए।